卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 26 | अंक 197 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) | शुक्रवार | 24 अप्रैल 2026 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## दून में कांग्रेस के खिलाफ महिलाओं का जोरदार प्रदर्शन

**महिला जनआक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब,कांग्रेस पर दोहरे चरित्र का आरोप,मुख्यमंत्री धामी भी हुये शामिल**





देहरादून। राजधानी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले महिला जन आक्रोश रैली का भव्य आयोजन किया गया, जहां से कांग्रेस के खिलाफ प्रदेशव्यापी महाआक्रोश अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट समेत हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत परेड ग्राउंड से निकली विशाल महिला पदयात्रा के साथ हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। महिलाओं ने हाथों में बैनर, तख्तियां और झंडे लेकर जोरदार नारों के साथ कांग्रेस के खिलाफ विरोध जताया। पूरे मार्ग में रैली ने जनसामान्य का ध्यान आकर्षित किया और महिला एकजुटता का सशक्त प्रदर्शन देखने को मिला। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद में इस विधेयक का समर्थन नहीं कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई, जबकि अब राज्यों में इसके समर्थन की बात कर दोहरे चरित्र का परिचय दे रहे हैं।धामी ने कहा कि "यह अधिनियम देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में बराबरी का अधिकार दिलाने का माध्यम बनेगा। उत्तराखंड की मातृशक्ति आज( **शेष पेज सात पर** )

## क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में सात की मौत

**महतोष,रूद्रपुर,लालपुर में मार्ग दुर्घटना मे छह ने गंवाई जान,बरा में लटका मिला फौजी का शव**

किच्छा/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिरसा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरा कोली वन रेंज में पूर्व फौजी का शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम दृष्ट यह आत्म हत्या मामला बताया जा रहा है। बरा चौकी पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मिली थी कि जंगल में एक व्यक्ति का पेड़ से लटका हुआ है तथा उसके पास एक गाड़ी भी खड़ी है। किंतु सिरसा पुलिस के क्षेत्र से बाहर का होने के कारण इसको बरा चौकी पुलिस को सूचना दी गई जिस पर बरा चौकी पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया गया तथा पेड़ पर लटके व्यक्ति के शव को नीचे उतर गया जिसकी पहचान की गई। मृतक की पहचान महेश पुत्र गोपाल राम निवासी सिसोना सितारगंज निवासी के रूप में हुई जोकि पूर्व कुमाऊं रेजीमेंट का पूर्व सैनिक था। उसके दो पुत्र हैं।( **शेष पेज सात पर** )



## धामी का एक्शन,प्रवेश द्वार पर लगा मजार का बोर्ड हटवाया

देहरादून। यदि आप देवभूमि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे है और आपका स्वागत मुस्लिम धार्मिक चिन्ह करेंगे ,लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हिमाचल से पॉन्टा साहिब के रास्ते उत्तराखंड आने वाले लोगों को देवभूमि में घुसते ही भूरे शाह मजार बोर्ड के दीदार, राष्ट्रीय राज मार्ग में हुआ करते थे। जानकारी के मुताबिक इस बोर्ड को लेकर सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई, जिसका संज्ञान लेते ( **शेष पेज सात पर** )




## डॉमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाईजी देने के नाम पर लाखों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक से लाखों रुपये ठग लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के लोहर्रा गणेशपुर निवासी अभिजीत पाठक ने ऑनलाइन माध्यम से डॉमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाइजी लेने के लिए आवेदन किया था। आवेदन के कुछ समय बाद उसके पास एक कॉल आई, जिसमें खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने फ्रेंचाइजी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर विभिन्न शुल्क जमा करने को कहा।पीड़ित के अनुसार, कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे भरोसे में लेते हुए रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर अलग-अलग किश्तों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। झांसे में आकर अभिजीत ने कुल 2,65,500 रुपये बताए गए बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर करने के बाद जब उसे कोई वैध दस्तावेज या आगे की प्रक्रिया नहीं मिली और संपर्क करने पर जवाब मिलना बंद हो गया, तब ( **शेष पेज सात पर** )

## अतिक्रमण पर फिर चला निगम का डंडा

**मेयर विकास शर्मा ने दी सख्त चेतावनी,जेसीबी से हटाए गए दर्जनों कब्जे**





रूद्रपुर। नगर निगम प्रशासन ने एक बार फिर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर के प्रमुख इलाकों में व्यापक अभियान चलाया। किच्छा बाईपास रोड स्थित पुरानी तहसील के पास और गंगापुर रोड मोड़ पर चले इस अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए दर्जनों अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया गया। सुबह से ही निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम के साथ जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी मौजूद रहीं। जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, आसपास के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और लोग जल्दबाजी में अपना सामान समेटते नजर आए।अभियान के दौरान सड़क किनारे लगे खोखे, ठेले और अस्थायी ढांचे हटाए गए। कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैलाया गया सामान भी जब्त कर ट्रैक्टर- ट्रॉलियों में भर लिया गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित करने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान दोनों ओर सड़क की भूमि ( **शेष पेज सात पर** )

## बड़ा बयान : उत्तराखण्ड में धामी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी भाजपा

**यूपी में योगी पर भरोसा कायम, धामी को बताया ऊर्जावान और प्रभावी नेता, विकास और सुशासन को बनाया चुनावी एजेंडा**



देहरादून। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड में अपने नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक विस्तृत साक्षात्कार में कहा कि राज्य में चुनाव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उनके इस बयान से यह साफ संकेत मिल गया है कि पार्टी आगामी चुनावों में नेतृत्व परिवर्तन के किसी भी कयास को खारिज करते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री पर ही भरोसा जताने जा रही है। नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री धामी की कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि धामी एक ऊर्जावान, युवा और दूरदर्शी नेता हैं, जिन्होंने कम समय में ही प्रदेश में विकास कार्यों को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा हमेशा से विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देती आई है और उत्तराखंड में भी यही एजेंडा आगे बढ़ाया जा रहा है। धामी सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे प्रदेश की छवि एक प्रगतिशील राज्य के रूप में मजबूत हुई है।राज्य की भौगोलिक और प्रशासनिक चुनौतियों का जिक्र करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि हर सरकार को समय-समय पर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन भाजपा ऐसी पार्टी है जो चुनौतियों से पीछे हटने के बजाय उनका समाधान निकालने में विश्वास रखती है। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि उत्तराखंड में भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड विकास और जनसेवा का रहा है, जो आगामी चुनावों में पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। साक्षात्कार के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आगामी चुनावों में भी मुख्यमंत्री चेहरा धामी ही होंगे, तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्तमान में सरकार उनके नेतृत्व में सफलतापूर्वक चल रही है और ऐसे में नेतृत्व को लेकर किसी प्रकार का कोई संशय नहीं है। पार्टी पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। इसके ( **शेष पेज सात पर** )

# ऋषिकेश चिंतन और उपचार का वैश्विक केंद्र : राधकृष्णन

## उपराष्ट्रपति ने एम्स ऋषिकेश के छठे दीक्षांत समारोह में स्नातकों से समर्पण,सहानुभूति, सत्यनिष्ठा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का आह्वान किया

देहरादून ऋषिकेश(उद संवाददाता)। भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने गुरूवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। ऋषिकेश को चिंतन और उपचार का वैश्विक केंद्र होने के साथ-साथ हिमालय का प्रवेश द्वार के रूप में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा वातावरण दीक्षांत समारोह की गंभीरता को और भी गहरा कर देता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल वर्षों के अनुशासित प्रयासों और त्याग की परिणति है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी की शुरुआत भी है। उन्होंने स्नातकों से समर्पण और उद्देश्य की भावना के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को निभाने का आग्रह किया।कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सतत नवाचार और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत के व्यापक टीकाकरण अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त टीके लगाए गए, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों ने लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण के लिए टीके विकसित किए हैं।उपराष्ट्रपति ने भारत की वैक्सीन मैत्री पहल के माध्यम से वैश्विक जिम्मेदारी को भी रेखांकित किया, जिसके तहत 100 से अधिक देशों को टीके उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि यह पहल "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना को दर्शाती है और एक दयालु और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करती है।स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में देश भर में स्थापित नए एम्स संस्थानों ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच को मजबूत किया है, उन्होंने कहा कि सुशासन लोगों की जरूरतों को समझने और उनकी सेवा करने में निहित है।एम्स ऋषिकेश की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान नैदानिक देखभाल, शैक्षणिक क्षमता, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से टेलीमेडिसिन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा को अस्पताल



परिसरों से आगे बढ़कर दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त आबादी तक पहुंचना चाहिए।उपराष्ट्रपति ने हेली एम्बुलेंस सेवाओं और चार धाम यात्रा के दौरान तथा दूरस्थ क्षेत्रों में दवा वितरण के लिए ड्रोन के उपयोग जैसी नवोन्मेषी स्वास्थ्य सेवाओं की भी प्रशंसा की और इन्हें स्वास्थ्य सेवा वितरण में लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का प्रभावी समाधान बताया।उपराष्ट्रपति ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे सहित क्षेत्र में अवसंरचना के तीव्र विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समावेशी विकास को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवा एक सार्वजनिक जिम्मेदारी है और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सा पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले डॉक्टरों से निवारक देखभाल, ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से योगदान देने और सहानुभूति, ईमानदारी और सेवा के मूल्यों का पालन करने का आग्रह किया।इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन का देवभूमि उत्तराखण्ड में हार्दिक स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन से युवा चिकित्सकों को राष्ट्रसेवा की नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त होगी।राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की साधना, समर्पण और सेवा भाव का उत्सव है तथा यह वह महत्वपूर्ण क्षण है, जब वर्षों की कठिन मेहनत एक नई जिम्मेदारी में परिवर्तित होती है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता में माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और राष्ट्र की अपेक्षाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा का क्षेत्र तेजी से बदल रहा है, जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल हेल्थ और आधुनिक अनुसंधान पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रही हैं। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो स्वास्थ्य तंत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है।राज्यपाल ने युवा चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का क्षेत्र है। मरीज केवल उपचार ही नहीं, बल्कि विश्वास और आशा लेकर चिकित्सक के पास आता है। ऐसे में चिकित्सकों का व्यवहार, सहानुभूति और समर्पण ही मरीज को सुरक्षा और विश्वास प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अभी भी चुनौतीपूर्ण है और उन्होंने युवा चिकित्सकों से अपेक्षा है कि वे इन चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा प्रदान करें तथा समाज में विश्वास का संचार करें। उन्होंने आह्वान किया कि वे अपने जीवन में नैतिकता, ईमानदारी और सेवा के मूल्यों को सर्वोपरि रखें तथा रोगी के विश्वास को अपनी सबसे बड़ी पूंजी मानें।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है और चिकित्सा क्षेत्र में उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित देश के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन का देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने उपराष्ट्रपति के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है, जिसे निष्ठा, संवेदनशीलता और करुणा के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित एम्स ऋषिकेश आज प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां कैंसर उपचार, न्यूरोसर्जरी, रोबोटिक सर्जरी और जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही, हेली एम्बुलेंस सेवा राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंह नगर में एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र की जनता को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, टेलीमेडिसिन नेटवर्क का विस्तार, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाइयों की उपलब्धता तथा निःशुल्क पैथोलॉजिकल जांच जैसी योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।समारोह केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने उपाधि प्राप्त कर रहे डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा पेशा केवल करियर नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने मरीजों के विश्वास को बनाए रखने और हर परिस्थिति में उनके हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया, साथ ही नैतिकता और ईमानदारी को अपने कार्य का आधार बनाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर हो रहे बदलावों के बीच डॉक्टरों के लिए आजीवन सीखते रहना आवश्यक है, ताकि बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, मरीजों के साथ प्रभावी संवाद को भी उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे विश्वास और उपचार के परिणाम बेहतर होते हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद श्री नरेश बंसल, श्री महेंद्र भट्ट, एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. राज बहादुर, एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीन (अकादमिक) प्रो. सौरभ, संकाय सदस्यों, छात्रों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया।








## मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 124 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 124 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से राज्य में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने के साथ ही आगामी कुम्भमेला के अवस्थापना सुविधाओ के विकास में मदद मिलेगी।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून में प्रस्तावित नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना हेतु 7.51 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में वैकल्पिक विवाद समाधार (ए०डी०आर०) केन्द्र के प्रथम चरण के कार्य हेतु ₹14 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा यू०आई०डी०एफ० के अंतर्गत न्यू कैंट मार्ग कि०मी० 0.00 से 1.650 (दिलाराम बाजार से विजय कालोनी पुल तक) मार्ग को 2 लेन से 3 लेन में अपग्रेड करने के अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग (विद्युत लाईन को यूटीलिटी उक्ट में स्थानान्तरित करने) व वाटर सप्लाई लाईन के शिफ्टिंग कार्य हेतु 12 करोड़ स्वीकृत किये जाने के साथ ही जिला कारागार, पौड़ी में नवीन आवासीय भवन के निर्माण हेतु विशेष योजना के अन्तर्गत ₹3.70 करोड तथा रामनगर पुरानी तहसील की खाली भूमि पर बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किये जाने हेतु 39 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सहसपुर के न्यू कैंट रोड में राज्य योजना के अन्तर्गत के 30 मीटर स्पान के गार्डर पुल के निर्माण हेतु 5.36 करोड़ तथा जनपद पौडी गढवाल में रिखणीखाल के अन्तर्गत द्वारी भौंन सडक के निर्माण हेतु 3.47 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## यात्रियों के लिए समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध

देहरादून। श्री केदारनाथ धाम उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित है यहां पहुंच रहे श्रद्धालुओं को लंबा एवं चुनौतीपूर्ण पैदल मार्ग तय करने के साथ साथ उच्च हिमालयी मौसम से भी जूझना पड़ता है। जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है,। दिनांक 22.04.2026 को धाम क्षेत्र में एक अपरिहार्य घटना में 69 वर्षीय श्रद्धालु (निवासी जिला गोरवा, गुजरात) के निधन के संबंध में कुछ माध्यमों द्वारा भ्रामक, अपुष्ट एवं तथ्यहीन सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि दिनांक 22 अप्रैल 2026 को प्रातः 6:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि केदारनाथ में व्हाइट हाउस के समीप एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा सक्रियता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल राहत कार्य प्रारंभ किया गया। वाई0एम0एफ0 के जवानों द्वारा बिना समय गंवाए उक्त व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, केदारनाथ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित किया। इसके उपरांत प्रशासन ने पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए मृतक के सम्मानजनक प्रबंधन को प्राथमिकता दी। वाई0एम0एफ0 के सहयोग से पार्थिव शरीर को केदारनाथ हेलीपैड तक पहुंचाया गया। उस समय हैली सेवा अस्थायी रूप से बाधित थी। हैली सेवा सुचारु होते ही प्रशासन द्वारा तुरंत शव को हैली के माध्यम से जामू हेलीपैड भेजा गया, जहां से आगे की आवश्यक कार्यवाही हेतु शव वाहन के माध्यम से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा गया। जिला प्रशासन ने इस संपूर्ण प्रक्रिया में संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया है। साथ ही यह भी अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें। जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा यात्रा के दौरान हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी पहुंचे रुद्रपुर विधायक के आवास

## विधायक शिव अरोरा ने पार्टी कार्यकर्त्ताओ व परिवार संग किया स्वागत

रुद्रपुर। उत्तराखण्ड सरकार मे ग्रामीण विकास, लघु सूक्ष्म उद्यम केबिनेट मंत्री व चम्पावत जिला प्रभारी मंत्री पहुँचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के आवास।जहाँ विधायक अरोरा मे पार्टी कार्यकताओ व अपने परिवार के साथ केबिनेट मंत्री को स्मृति चिह्न अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया।इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान केबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा वह तीन दिवसीय कुमाऊ भ्रमण पर आये थे जहाँ उन्होंने अपने प्रभारी जिला चम्पावत जिला का भ्रमण किया और अधिकारियो संग बैठक कर सरकार की योजनाओं जनपद मे कार्य प्रगति की जानकारी लीं।वही उधम सिंह नगर दौरे पर आये मंत्री भरत चौधरी ने कहा रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने अपने आवास पर आत्मीय स्वागत किया व कार्यकताओं से भेट हुई है, निश्चित रूप से रुद्रपुर विधायक उनके पुराने मित्र है सदन मे साथी है।वही भरत सिंह चौधरी ने कहा सरकार ने जो मंत्री के रूप मे जिम्मेदारी दी है उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का कार्य वह करेंगे, तो वही अपने मंत्रालय ग्रामीण विकास व सूक्ष्म लघु उद्यम के माध्यम से छोटे उद्योगों को कैसे बढ़ावा मिले हमारी महिलाएं छोटेलघु उद्योगों से किस प्रकार जुड़े उसको लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है वहीं धामी सरकार लगातार जनाकांक्षाओं पर खरा उतारते हुए प्रदेश हित में निर्णय लेकर राज्य को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है वहीं मंत्री के रूप में वह भी लगातार प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं और अपने मंत्रालय की कार्य प्रगति को लेकर हर जनपद में अधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं।इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा पहली बार रुद्रपुर आगमन पर केबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी का अपने निजी आवास पर स्वागत अभिन्दन किया उन्होंने कहा भरत चौधरी भाजपा के वरिष्ठ नेता है और उनके मंत्री बनने का लाभ जनता को मिलेगा।धामी सरकार मे भरत चौधरी को स्थान मिलने पर उनको शुभकामनायें प्रेषित की साथ हीं आशा व्यक्त की उनका सहयोग से रुद्रपुर क्षेत्र के विकास मे काफी मदद मिलेगी।इस दौरान विधायक शिव अरोरा के आवास पर सैकड़ो कार्यकर्त्ताओ ने केबिनेट मंत्री का फूलमाओ से स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान महापौर विकास शर्मा, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, प्रीत ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, राजकुमार चौधरी, राजकुमार साह,हरनाम चौधरी, दीपक गोस्वामी, हरीश भट्ट, सचिन मुंजाल, मोर सिंह, आयुष चिल्लाना, मनोज मदान, जीतेन्द्र संधू, रमेश कन्याल, सुदीप डे, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, सुनील सिंह,सुखदेव सिंह भल्ला,राजीव शुक्ला, कुलदीप चंद्र, जीतेन्द्र चौहान, पियूष भाटिया,राजीव ग्रोवर, भोला सिंह, विष्णु सिंह आदि लोग मौजूद रहें।



# माता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महिला समिति द्वारा अग्रसेन भवन में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया । जिसमे पण्डित राजेश शर्मा की मण्डली के प्रसिद्ध गायक संदीप और पूजा के मंत्रमुग्ध भजनों को सुनकर सभी ने आनंद उठाया। जिसमें वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष मंजू



वार्ष्णेय, महामंत्री स्नेहलता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल, संरक्षिका मीना वार्ष्णेय, बिमला गुप्ता, सुचित्रा जायसवाल, सविता लाहोटी, मीडिया प्रभारी प्रियंका वार्ष्णेय, युवा वैश्य सभा के अध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री कपिल अग्रहरि और वैश्य महिला समिति, वैश्य महासभा, युवा वैश्य महासभा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। माता की चौकी का समापन डांडिया नृत्य करते हुए हुआ। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारा भी किया गया।

# ठुकराल ने अपोलो फार्मेसी के प्रतिष्ठान का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आज यहां आवास विकास में चार साहबजादे चौक पर अपोलो फार्मेसी के नव प्रतिष्ठान का धार्मिक अनुष्ठानों के साथ फीता काट कर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व श्री ठुकराल का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर कम्पनी के अधिकारियों व प्रतिष्ठान स्वामी ने गुलदस्ता व पौध लगा गमला भेंट कर स्वागत किया। श्री ठुकराल ने



नव प्रतिष्ठान के शुभारम्भ पर कम्पनी के अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रबंधक सुभाष चमोला, डीजीएम पास्कल जॉन, एक्जक्यूटिव दीपक सेमवाल, नितिन कुमार, सीमा, ललित, सूरज सिंह, संजू, रिंकी, जीए खान, बुद्ध सेन, कोमल, शिवानी व सचिन कश्यप आदि मौजूद थे।

# भदूनी गांव में बाघ का आतंक जारी, तीसरी घटना में किसान की मौत से दहशत और आक्रोश

नैनीताल। नैनीताल जिले के भदूनी गांव में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना में कमल सिंह बिष्ट (पुत्र इंदर सिंह) को खेत में काम करते समय बाघ ने अपना शिकार बना लिया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह लगातार तीसरी घटना है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बाघ की सक्रियता की जानकारी पहले से होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए, जिससे एक के बाद एक जानें जा रही हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। वहीं, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



फिलहाल पूरे इलाके में भय और गुस्से का माहौल बना हुआ है। लोग प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि आगे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने बताया कि काठगोदाम से लगे भीमताल ब्लॉक विकास खंड के भदयूनी निवासी 30 वर्षीय कमल सिंह बिष्ट पुत्र इंद्र सिंह बिष्ट कल देर शाम से घर के पास से गायब हो गया था, परिजनों ने उसकी खोजबीन की। रात तक कोई जानकारी नहीं मिला। आज गांव के लोगों के साथ ही वन विभाग के लोगों ने खोजबीन शुरू की। आज सुबह जंगल में कमल का आधा खाया हुआ शव बरामद किया गया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। ब्लॉक प्रमुख डॉ.हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते दिवस उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी से इस क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा बाघ देखे जाने की जानकारी दी। विभाग से कोई ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया था, विभाग ने एस मामले में लापरवाही बरती। ब्लॉक प्रमुख डॉ.हरीश बिष्ट ने घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की।

# डॉमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाईजी देने के नाम पर लाखों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाईजी देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ओनलाईन लाखों रूपयें की ठगी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अभिजीत पाठक पुत्र मनोज कुमार पाठक निवासी लोहरां गणेशपुर, ट्रांजिट कैम्प, ने कहा है कि उसने डॉमिनोज पिज्जा फांचआईज के लिये ऑनलाईन एप्लाई किया था। जिसके बाद उसके पास उधर से कॉल आयी जिसमें उन्होंने उसे अकाउन्ट में रूपये ट्रांसफर करने को कहा। अभिजीत ने बताया उसने 2,65,500 रूपये उस अकाउन्ट में ट्रांसफर कर दिये और बाद में उसको पता चला कि वह फ्रॉड था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शांति व्यवस्था भंग करते छह लोगों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र की शाति व्यवस्था भंग करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैम्प मोहन चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर धारा 170 बीएनएस के अन्तर्गत 6 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया है । जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें विक्की वर्मन पुत्र विनय वर्मन निवासी सी ब्लाक, आजादनगर हाल किरायेदार ट्रांजिट कैम्प, मनीष पुत्र परशुराम निवासी प्रियंका गोल्ड कालोनी तीन पानी डाम, ट्रांजिट कैम्प, शिवपद सरकार पुत्र नेपाल चन्द्र निवासी वार्ड नं 37. रविन्द्रनगर, ट्रांजिट कैम्प, श्याम वीर पुत्र राम स्वरुप निवासी ग्राम पोपपुर थाना पटवई जिला रामपुर, सुनील सागर पुत्र महावीर सिह निवासी ग्राम पोपपुर थाना पटवई जिला रामपुर हाल निवासी ट्रान्जिट कैम्प वार्ड न0-04 अरविन्दनगर, ट्रान्जिट कैम्प व अनिल सागर पुत्र महावीर सिह निवासी ग्राम पोपपुर थाना पटवई जिला रामपुर हाल निवासी ट्रान्जिट कैम्प वार्ड न0-04 अरविन्द नगर, ट्रान्जिट कैम्प शामिल हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र आर्या, उपनिरीक्षक पंकज महर व कांस्टेबल गिरिजा शंकर शामिल हैं।



# नगदी सहित सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक सटोरिये को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पैन, सट्टा पर्ची, डायरी व 2800 रूपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का जुआ एक्ट में चालान किया है। बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान गंगे बाबा रोड स्थित शमशान घाट के पास से सट्टे की खाईबाड़ी करते मोहल्ला महेशपुरा निवासी फईम पुत्र तस्लीम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पैन, सट्टा पर्ची, डायरी व 2800 रूपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का जुआ एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई देवेन्द्र सिंह मेहता, कां. ज्ञानेन्द्र कुमार व सचिन कुमार रहे।

# शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये : डीएम

रूद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने आगामी 07 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जिला सभागार में बैठक ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शतप्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से न छूटे। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 14 मई को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकत्रियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि 07 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिये।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 603960 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 2346 विद्यालयों एवं 2388 आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलबेन्डाजोल की दवाई खिलायी जायेगी। डॉ0 अग्रवाल ने बताया कि एलबेन्डाजोल की 400 एमजी की दवा 01 से 02 साल तक के बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोलकर तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों, किशोर/किशोरियों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को आँत के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है, कृमि मनुष्य की आन्त में रहकर, मानव शरीर उतकों से जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होने लगती है तथा बच्चों की कार्य क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अक्सर बीमार रहने लगते हैं। उन्होने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि 07 मई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रो व स्कूलों में अवश्य भेजे ताकि बच्चों को दवाई खिलाई जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आरके सिन्हा, एसीएमओ डॉ0 डीपी सिंह, एसएमओ डॉ0 सुधीर गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, डीपीओ मो0 आमिर खॉ, हिमांशु मशूनी, चॉद मियां, जावेद अहमद, निधि शर्मा, पंकज गुसाई सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुडे थे।



# कृषकों को दी रसायनिक उर्वरको के उपयोग की जानकारी

काशीपुर। कृषि उत्पादन मण्डी समिति काशीपुर में किसान क्लब काशीपुर कृषको की वैठक में प्रतिभाग किया। कृषको को धरती माता वचाओ अभियान की जानकारी देते हुए कृषक को रसायनिक उर्वरको के उपयोग की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि फसलो में रसायनिक उर्वरको का प्रयोग मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई संस्तुत के आधार पर करने से फसलो से अधिकतम उत्पादन प्राप्त होगा और फसल उत्पादन लागत में भी कमी होने से कृषको को अधिक लाभ प्राप्त होगा। कृषको को हरी खाद एवं जैविक खाद प्रयोग करने की सलाह दी गई इसी के साथ ही जैव उर्वरक जैसे एजोटोवेक्टर, राइजोवियम, पी एस वी, पी एस एम आदि का प्रयोग करने से भी रसायनिक उर्वरको की कम आवश्यकता होगी। कृषक भाई प्राकृतिक खेती एवं जैविक कृषि को भी अपना कर रसायनिक उर्वरको पर निर्भरता कम कर सकते हैं। अन्य वैकल्पिक उर्वरक जैसे अमोनियम सल्फेट का प्रयोग कर सकते हैं। जनपद में वर्तमान में रसायनिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, इसलिए कृषक भाई केवल फसल में प्रयोग करने के लिए ही वर्तमान में क्रय करे, अपने घर पर खाद का भण्डारण ना करे। कृषक भाईयो को कृषि विभाग दारा संचालित योजनाओ जैसे, कृषि फसलो के बीजो पर अनुदान जैसे धान वीज पर 50% अधिकतम 2000/कुन्तल जवकि दलहन और तिलहन फसलो के वीज पर 50% अधिकतम रूपए 5000/कुन्तल , जैव उर्वरक/सूक्ष्म पोषक तत्व तथा कृषि रक्षा रसायन पर अनुदान मूल्य का पचास प्रतिशत अधिकतम रूपए पॉच सौ प्रति है0, की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि एक कृषक को अधिकतम दो है0 तक के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाऐगा । अनुदान के लिए कृषक अपने निकटतम कृषि निवेश केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। कृषक भाई वर्तमान कृषि फसल धान, गेंहू के स्थान पर अधिक मूल्य वाली फसलो जैसे सुगंधित एवं औषधीय पौधो की खेती अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सुर्गंधित एवं औषधीय पौधो की खेती करने के सम्बन्ध में सबसे खास बात यह हैं कि इन फसलो को जंगली जानवर एवं अवारा पशु भी नुकसान नहीं पंहुचाते हैं। आत्मा योजना के अंतर्गत कृषक को प्रशिक्षण एवं भ्रमण कराने के साथ-साथ कृषको में प्रतियोगितात्मक भाव विकसित करने के उद्देश्य से कृषि फसल उत्पादन, डेयरी उत्पादन , फल एवं सब्जी उत्पादन तथा मत्स्य पालन करने वाले कृषको को किसान श्री (विकास खण्ड स्तर रूपए दस हजार एवं प्रमाण-पत्र), किसान भूषण (जनपद स्तर रूपए पच्चीस हजार एवं प्रमाण-पत्र), एवं किसान रत्न(राज्य स्तर रूपए पचास हजार एवं प्रमाण-पत्र), पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं कृषक अपने विकास खण्ड से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में कृषक भाईयो से अनुरोध किया कि वह अपनी डिजिटल फार्मर आई डी (फार्मर रजिस्ट्री) तत्काल वनवा ले। भविष्य में भूमि आधारित रसायनिक उर्वरको के साथ-साथ अन्य सभी योजनाओ का लाभ डिजिटल फार्मर आई डी (फार्मर रजिस्ट्री) के आधार पर ही मिलेगा। डिजिटल फार्मर आई डी (फार्मर रजिस्ट्री) के लिए जनपद में कार्यरत ग्राम स्तर एवं विकास खण्ड स्तर के कर्मचारीगणो को आपरेटर वनाया गया हैं जो गाँव गाँव जाकरडिजिटल फार्मर आई डी (फार्मर रजिस्ट्री) का कार्य कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त कृषक जन सेवा केंद्र ( सी एच सी) अथवा कृषक स्वयं भी पोर्टल पर जाकर डिजिटल फार्मर आई डी (फार्मर रजिस्ट्री) वना सकते हैं।






# मां के नाम पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चंपावत। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत उत्तराखण्ड सरकार के ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म, मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री भरत सिंह चौधरी ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती कश्मीरा देवी की स्मृति में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि माँ केवल जीवन ही नहीं देतीं, बल्कि हमें संस्कार और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति से जुड़ने का एक भावनात्मक प्रयास भी है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपनी माता के नाम पर एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करें।



# 107 ग्राम पंचायतों में 119 किमी चेन लिंक फेंसिंग से चम्पावत में फसलों को मिलेगा सुरक्षा कवच

चंपावत। जनपद चम्पावत में वर्ष 2026-27 के लिए जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए 76.91 करोड़ (7691.40 लाख) के बजट के साथ विकास का रोडमैप तैयार किया गया। प्रभारी मंत्री श्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में इस योजना को अनुमोदित किया गया, जिसमें इस वर्ष पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिला योजना में कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता जैसे क्षेत्रों में बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं, जिनमें 107 ग्राम पंचायतों में फसलों की सुरक्षा हेतु 119 किमी चेन लिंक फेंसिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 500 लाख का प्रावधान, 171 पशुपालकों को बकरी पालन यूनिट, 1000 लाभार्थियों को कुक्कुट पालन सहायता, लो.नि.वि की 10 नई सड़कों, 4 पुल-पुलियों का निर्माण तथा 44 मार्गों के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 32 नई पेयजल योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए 540 लाख तथा बागवानी विकास के लिए 477.74 लाख का बजट निर्धारित किया गया है। जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका एवं अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है, जिसमें सड़क, पेयजल, सिंचाई और ऊर्जा जैसे भौतिक क्षेत्र के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, युवा कल्याण जैसे सामाजिक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया गया है। वहीं आजीविका क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। योजनाओं को क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय के साथ लागू किया जाए, साथ ही अधूरे एवं चल रहे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। पिछले वर्षों के आंकड़ों के अनुसार भौतिक क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश हुआ है, जबकि आजीविका क्षेत्र में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस वर्ष भी प्राथमिकता में रहेगा।




# विधायक पांडे के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बाजपुर। जनजाति समुदाय की भूमि को लेकर उठे विवाद ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। गदरपुर विधायक के पुत्र पर जनजाति की जमीन अपने नाम कर बेचने के आरोप लगने के बाद किसानों और पीड़ित परिवार ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मामले में पीड़ित मक्खन सिंह अपने परिवार और किसानों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम दफ्तर पर ताला लगाने की भी कोशिश की, हालांकि पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्ष 2010 में विधायक के पुत्र द्वारा एक जनजाति व्यक्ति की जमीन को अपने नाम कर लिया गया और बाद में उसे बेच दिया गया। जबकि नियमानुसार जनजाति समुदाय की जमीन किसी अन्य के नाम नहीं की जा सकती।धरने के दौरान पीड़ित पक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान भावनात्मक माहौल भी देखने को मिला, जब पीड़ित परिवार की 40 दिन की बच्ची के हाथों ज्ञापन दिलाया गया।वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक से इस मामले में जवाब देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त कराया गया।



# भूतबंगला में लोगों ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

रुद्रपुर। जिला मुख्यालय के भूतबंगला क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के चलते टीम को बिना काम पूरा किए ही वापस लौटना पड़ा।जानकारी के अनुसार, गुरुवार को ऊर्जा निगम की टीम स्मार्ट मीटर लगाने के लिए क्षेत्र में पहुंची थी। टीम के साथ देहरादून से आई विजिलेंस टीम और स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी। जैसे ही लोगों को घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की सूचना मिली, वे एकत्र हो गए और विरोध शुरू कर दिया।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और पार्षद परवेज कुरैशी के नेतृत्व में स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इसे जबरन थोपने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे अपने घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। उनका आरोप है कि पहले जनप्रतिनिधियों के घरों में मीटर लगाए जाएं, उसके बाद आम जनता पर इसे लागू किया जाए। वहीं, यह भी कहा गया कि बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाना गलत है।विरोध के दौरान कुछ स्थानों पर पहले से लगाए गए स्मार्ट मीटर भी उखाड़ दिए गए।उधर, ऊर्जा निगम के ईई राजीव चक्रवर्ती ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बजट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक कर सहमति के साथ ही मीटर लगाए जाएंगे। फिलहाल विरोध के कारण भूतबंगला क्षेत्र में कार्य रोक दिया गया है। ऊर्जा निगम ने साफ किया है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी रहेगी और इसे बंद नहीं किया जाएगा।



# श्रमिक मोर्चा ने उप श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न मजदूर संगठनों ने उपश्रमायुक्त के माध्यम से श्रम सचिव, उत्तराखंड के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में इंजीनियरिंग उद्योगों में वेतन पुनरीक्षण बोर्ड के गठन तथा परिवर्तनीय महंगाई भत्ता बढ़ाने की प्रमुख मांग उठाई गई। श्रमिक नेताओं ने कहा कि बीते 25 वर्षों में महंगाई में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन श्रमिकों के वेतन और भत्तों में उसके अनुरूप सुधार नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि श्रमिकों को वास्तविक और उचित दरों पर वीडीए का लाभ दिया जाए और लंबे समय से लंबित वीडीए को तत्काल घोषित किया जाए। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने उपश्रमायुक्त से मुलाकात कर अपनी मांगों को विस्तार से रखा। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त ने आश्वासन दिया कि अन्य उद्योगों के लिए लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित वीडीए जल्द जारी किया जाएगा। साथ ही इंजीनियरिंग उद्योग के लिए वेतन पुनरीक्षण बोर्ड के गठन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सीएसटीयू के महासचिव मुकुल, ऐक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर कोषाध्यक्ष दिनेश, ऐक्टू प्रदेश कोषाध्यक्ष मटियाली, कारोलिया लाइटिंग के हरेंद्र सिंह, उत्तराखंड निर्माण मजदूर यूनियन के उत्तम दास, मंत्री मैटेलिक्स वर्कर्स यूनियन के हेमंत भट्ट और महेंद्र रावत सहित कई श्रमिक नेता मौजूद रहे।



# दिनेशपुर नगर पंचायत क्षेत्र की जनगणना 2027 संपन्न

दिनेशपुर। नगर पंचायत दिनेशपुर में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण सत्र 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर सही एवं सटीक जानकारी एकत्रित करने, आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा डिजिटल माध्यमों के उपयोग की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें जनगणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी बताया गया।जनगणना चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिनेशपुर, मुहम्मद यामीन ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और गुणवत्ता के साथ करें, ताकि सटीक आंकड़े तैयार हो सकें।उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर गोवर्धन भट्ट, विक्रम, देव कुमार, सुशील कुमार, दिलीप वैश्य सहित अन्य कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के सफल आयोजन से जनगणना कार्य को लेकर तैयारियों को मजबूती मिली है।



# जसपुर क्षेत्र में 8 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण, 3 को नोटिस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को गठित चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा जसपुर क्षेत्र में संचालित 08 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में डॉ. धीरेन्द्र मोहन गहलोत, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, जसपुर एवं पीसी पीएनडीटी कोऑर्डिनेटर प्रदीप मेहर उपस्थित रहे। टीम द्वारा सबसे पहले सीएचसी जसपुर स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां पाया गया रेडियोलॉजिस्ट द्वारा सप्ताह में केवल एक बार अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान की जा रही है। इसके उपरांत टीम द्वारा जिन केंद्रों का निरीक्षण किया गया उनमें गर्ग अल्ट्रासाउंड सेंटर, उर्मिला नर्सिंग होम, अरिहंत हॉस्पिटल, गहलोत नर्सिंग होम, किलकारी हॉस्पिटल, परी हॉस्पिटल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीकरण आवेदन हेतु प्रस्तुत मानकों की जांच की गई। निरीक्षण में 05 केंद्रों पर पीसी पीएनडीटी अधिनियम 1994 के प्रावधानों, फॉर्म-एफ अभिलेखन, उपकरणों की स्थिति एवं स्टाफ की उपलब्धता को संतोषजनक पाया गया। वहीं 3 केंद्रों में अभिलेखों में मामूली कमियां एवं रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने के कारण सुधारात्मक नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया है।संबंधित केंद्रों को 7 कार्य दिवस के भीतर कमियों का निराकरण कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नए आवेदन वाले केंद्र के दस्तावेजों एवं मशीन के मानकों का भी भौतिक सत्यापन किया गया, जो मानकों के अनुरूप पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के. के. अग्रवाल ने बताया कि जनपद में लिंग अनुपात सुधार एवं अवैध लिंग जांच पर रोक के लिए नियमित निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। साथ ही जसपुर क्षेत्र की सीमा पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु निगरानी कड़ी रखी जाएगी और शीघ्र ही सीमावर्ती जनपदों के साथ संयुक्त निरीक्षण अभियान भी चलाया जाएगा।



# वारंटी ने अधिवक्ता पर किया हमला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। न्यायालय परिसर में गुरुवार को एक वारंटी द्वारा अधिवक्ता के साथ मारपीट की घटना के बाद अधिवक्ताओं में रोष और भय का माहौल बन गया। मामले को लेकर हल्द्वानी बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एसपी सिटी मनोज कत्याल से मिला और न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने एसपी सिटी को अवगत कराया कि गुरुवार को न्यायालय परिसर में कार्य दिवस के दौरान वारंटी दिनेश सिंह रावत ने अधिवक्ता एस.डी. जोशी के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे अधिवक्ता चंद्रशेखर जोशी की जांघ में आरोपी ने दांत से काट लिया तथा हाथों पर नाखूनों से खरोंचें मार दीं। इसके बाद अधिवक्ताओं ने किसी तरह आरोपी को न्यायालय परिसर से बाहर किया, लेकिन वह परिसर के गेट के पास ही गाली-गलौज करता रहा। सूचना मिलने पर भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अधिवक्ताओं में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 24 अप्रैल से जजी परिसर में बैरिकेडिंग के जरिए प्रवेश व्यवस्था लागू की जाएगी, जहां दो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही न्यायालय परिसर में केवल अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, अन्य वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से व्यवस्था में सहयोग की अपील भी की। उधर पुलिस ने शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में बार एसोसिएशन के सचिव मोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष ललित सिंह मेर, उप सचिव सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष गौरव कपूर, उप सचिव (प्रेस) वानु कब्डाल, सदस्य राकेश कुकरेती, एस.डी. जोशी और योगेश्वरी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



# रोगों की जाँच व निदान पर प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर। उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, पंतनगर में विश्व लैबोरेटरी दिवस पर एक दिवसीय हँड्स ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ परिषद निदेशक डॉ. संजय कुमार, डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। प्रशिक्षण में एमआईईटी, हल्द्वानी एवं बोकारो स्टील सिटी कॉलेज, बोकारो, झारखण्ड के स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं सहित परिषद के शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। गुरुवार को आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक बायोटेक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि आधुनिक जाँच एवं उपकरणों से बीमारियों का सही-सही पता लगाना संभव हो पाया है। उन्होंने प्रतिभागीयों को जैवप्रौद्योगिकी में उद्यमिता विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार सहित नवीन नवाचारों से अवगत कराया। डॉ. कुमार ने बताया कि नवीन तकनीकें शोध एवं परीक्षण की सटीकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की ने आण्विक जीवविज्ञान की सभी समस्त जानकारियां हँड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से दी। उन्होंने प्रतिभागीयों को एलिसा एवं पीसीआर जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से वैज्ञानिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। डॉ. मणिन्द्र मोहन एवं डॉ. सुमित पुरोहित ने प्रतिभागीयों को संबोधित किया और प्रतिभागीयों को निरंतर सीखने, तकनीकी ज्ञान को व्यवहार में लागू करने तथा नवाचार आधारित सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मणिन्द्र मोहन ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया व कार्यक्रम का संचालन किया। यहां आरजू हसन, अनुराग वर्मा, धीरज तिवारी, सौरभ पण्डा, बबीता, अमन प्रताप, शैलजा आर्या, ललित मिश्रा उपस्थित रहे।



# पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

रूद्रपुर।श्री गुरु नानक महाविद्यालय रुद्रपुर में आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर बड़े उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक आकर्षक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतिभागियों ने "पृथ्वी बचाओ", "पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ" और "प्रदूषण मुक्त पर्यावरण" जैसे विषयों पर सुंदर एवं सृजनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। छात्रों की कलात्मक अभिव्यक्ति और पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता देखने लायक रही।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पृथ्वी संरक्षण का महत्व बताया और सभी से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।प्रतियोगिता के अंत में श्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक स..प्रा. डॉ. फरजीन बानो और श्रीमती सुरभि गौड रहीं। कार्यक्रम में स.प्रा. श्री गौरव मिश्रा, श्रीमती असमीत कौर सेठी.,आनंद राम, प्रिया गुप्ता, संजय कुमार, संदीप त्रिपाठी, डॉ रूपाली सक्सेना, डॉ नाजिया बानो, डॉ. नवनीत कौर, श्रीमती शीतल, मलकीत सिंह, तरुण कुमार, प्रकाश सिंह अधिकारी, कु. प्रियंका, श्रीमती सुरभी गौड़, उमेश राणा, कु. अदिति, एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहें।



# संक्रामक रोगों पर रोक को जांची खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत संक्रामक बीमारियों की रोकथाम तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम अभय कुमार सिंह के निर्देशन में हल्द्वानी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु नमूने संकलित किए गए। इस क्रम में हल्दी पाउडर, चावल, मिक्स जूस एवं लस्सी के नमूने विधिवत जांच हेतु लिए गए। संकलित नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर प्रेषित किया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियमावली 2011 के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। यह अभियान जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा इस प्रकार के विशेष अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।



# थारी के जंगलों में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां नष्ट

रामनगर। जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी टम्टा ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को रामनगर क्षेत्र के आबकारी विभाग की टीम द्वारा थारी के जंगलों में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां लगाने की शिकायत पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान अवैध शराब की भट्ठियां तोड़ी गई और मौके पर लगभग 1500 किलो ग्राम लाहन और एक रबर ट्यूब में लगभग 32 लीटर शराब बरामद हुई टीम में आबकारी निरीक्षक उमेद पाल, अल्का, हेमंत गोस्वामी सहित अन्य मौजूद रहे।



# सड़क सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

रूद्रपुर । जिला आपदा प्रबंधन सभागार कक्ष में सड़क सुरक्षा अभियान एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया के निर्देशन में फायर सर्विस रुद्रपुर की टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नवीन सिंह तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन एवं प्रशासन) ने परिवहन विभाग के चालकों एवं परिचालकों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने आग लगने की स्थिति में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्रभावी बचाव उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फायर स्टेशन रुद्रपुर की टीम द्वारा प्रतिभागियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। कार्यक्रम के दौरान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल रूम 24-7 संचालित रहता है। किसी भी आपदा की स्थिति में आमजन दूरभाष नंबर 05944-250250, 250500, 250719, टोल फ्री नंबर 1077 तथा मोबाइल नंबर 9412088410 पर संपर्क कर सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन गदरपुर में तथा एसडीआरएफ की टीम रुद्रपुर में तैनात है, जो किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए सदैव तैयार रहती हैं।उन्होंने अवगत कराया गया कि जिला आपदा प्रबंधन विभाग 24-7 सक्रिय रहकर प्रशिक्षित मानव संसाधन, आधुनिक उपकरणों एवं विभिन्न विभागों के समन्वय के माध्यम से आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल आयोजित कर आमजन को आपदा के प्रति सजग एवं आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास किए जाते हैंमुख्य अग्निशमन अधिकारी ने कहा ऐसे अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियोंमेंहमारी तैयारियों को सुदृढ़ करते हैं तथा जनमानस को सतर्क एवं जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं।







उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बंगाल में रिकार्ड मतदान

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जिस तरह करीब बानबे फीसद मतदान की खबर आई है, उससे साफ है कि इस बार वहां की जनता ने अपने मताधिकार को लेकर अपेक्षया ज्यादा सजगता दिखाई है। इसका एक कारण एसआइआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में मौजूद लोगों का अपने मताधिकार को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क होना भी हो सकता है।हालांकि अभी दूसरे चरण का मतदान बाकी है और आखिरी तस्वीर नतीजों के बाद साफ होगी, लेकिन राज्य में बड़ी संख्या में लोगों के वोट डालने से वंचित रह जाने को लेकर जैसे सवाल उठ रहे हैं, उनका जवाब सामने आना देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को बचाए रखने के लिए जरूरी है। आखिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जितने लोगों को मतदान के लिए अपात्र मान लिया गया और जो अपीलीय प्राधिकरण के सामने गुहार लगाने के बावजूद वोट देने से वंचित रह गए, उनके नागरिक और संवैधानिक अधिकारों को अब किस कसौटी पर रखा जाएगा!गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद अब तक करीब सत्ताईस लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि जिन लोगों की अपील अपीलीय प्राधिकरणों में स्वीकार कर ली जाती है, उनके लिए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि अनुमति मिलने पर वे मतदान कर सकें। शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जो लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए थे, उनके सामने भी अब वोट डाल सकने का एक विकल्प होगा और इस तरह सूची से बाहर होने के बाद की जटिलताओं से उनके बच सकने की गुंजाइश तैयार होगी। मगर बुध वार को आई खबर के मुताबिक मतदाता सूची से बाहर किए गए सत्ताईस लाख लोगों के आवेदनों में से सिर्फ 650 पर विचार किया गया और महज 139 को वोट देने की इजाजत मिली।अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मद्देनजर प्राधिकरण में जिस तरह अपीलों की सुनवाई की व्यवस्था हुई, उसका उद्देश्य शायद सिर्फ औपचारिकता पूरा करना था। इस कवायद के बावजूद एसआइआर की वजह से बड़ी संख्या में जो लोग मतदान करने से वंचित रह गए, उनके बारे में अब कानूनी स्थिति क्या होगी? फिर जिन लोगों को अभी मतदाता सूची में जगह मिलने के लिए अपात्र माना गया, बाद में किन्हीं कसौटी पर उन्हें सही बताया जाएगा, उनके मौजूदा चुनाव में मतदान न कर पाने के लिए क्या किसी की जवाबदेही तय की जाएगी? इसमें कोई दोराय नहीं कि वास्तव में अपात्र लोगों को मतदाता सूची में जगह नहीं मिलनी चाहिए। मगर एसआइआर के बाद भारी संख्या में लोगों के मताधिकार छिन जाने से यह सवाल उठा है कि क्या अब तक ये सभी लोग अवैध तरीके से वोट डालते और प्रतिनिधि चुनते रहे! यह बेवजह नहीं है कि विपक्षी दलों की ओर से निर्वाचन आयोग पर एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर गैरजरूरी हड़बड़ी दिखाने और नाहक ही लाखों को लोगों को मताधिकार से वंचित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग को ठीक उस वक्त एसआइआर कराने की जरूरत क्यों महसूस हुई, जब सिर पर चुनाव थे और मतदान के लिए अपात्र ठहराए गए लोगों को अपनी पात्रता साबित करने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। गुरुवार को पहले चरण के मतदान में 92.14% वोटिंग हुई। यह चुनाव चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के बाद हो रहे थे। इस प्रक्रिया में वोटर लिस्ट से करीब 11% नाम हटा दिए गए थे। इसके चलते 27.10 लाख और वोटरों का भविष्य अधर में लटका हुआ था।

# रुद्रपुर में दिनदहाड़े फायरिंग से सनसनी



रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 7 निवासी भूरे लाल के घर में एक दर्जन से अधिक लोग घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने पहले परिजनों के साथ मारपीट की और फिर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में 22 वर्षीय राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर पर छर्रे लगे हैं और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायल राजेश के भाई अजय कुमार के मुताबिक, दो दिन पहले छोटे भाई का कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके चलते यह हमला किया गया। राजेश दिल्ली में काम करता है और हाल ही में पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिए रुद्रपुर आया था।प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही हमलावरों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों कम्पनी गेट पर प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक कम्पनी में आज सैकड़ों श्रमिकों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर कम्पनी गेट पर प्रबंध न के खिलाफ तेज धूप की परवाह किया बिना नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि सिडकुल सेक्टर 5 स्थित वी गार्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कम्पनी प्रबंधन द्वारा उनका लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। कम्पनी में निर्धारित आठ घंटे ड्यूटी के अतिरिक्त भी काम करवाया जाता है जिसका कोई भुगतान नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि कम्पनी की केंटीन में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता निम्न स्तर की है जिसे जबरन खाने को मजबूर किया जाता है। महिला श्रमिकों का कहना था कि कम्पनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों को गर्भावस्था व अन्य कारणों से कोई छुट्टी नहीं दी जाती है और छुट्टी लेने पर उन्हें कम्पनी से बाहर कर देने की धमकी दी जाती है। यदि किसी महिला श्रमिक की तबीयत अचानक खराब हो जाती है तो उसे दवा के नाम पर मात्र पेरासिटामोल थमा दी जाती है। कम्पनी में चिकित्सा की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। आन्दोलित श्रमिकों ने वेतन 8 हजार रूपये से बढ़ाकर 20 हजार रूपये प्रतिमाह करने, कम्पनी आने जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने, गुणवत्तायुक्त भोजन व चिकित्सा व्यवस्था देने, अतिरिक्त ड्यूटी के लिए डबल भुगतान करने सहित अन्य कई मांगों का उल्लेख किया। इस दौरान सोनम, सीमा, गरिमा, गायत्री, पूजा, मनीषा, काजल, रूपा, खुशी, सिबी, आरती, नीरू, कंचन, संगीता, बसंती, सपना, देवीया, अफसाना, सुषमा, बबिता, सुमन, पीहू, सोमपाल, राजकुमार, रंजीत, प्रकाश, आकाश, सुरेश, ओमपाल, वीरेन्द्र सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। वहीं कम्पनी में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल भी तैनात किया गया था।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# गर्म हवा का गुंबद बढ़ाता धरती का तापमान

देश के कई राज्यों में वायुमंडल में अंगड़ाई ले रहीं गर्म हवाओं ने अप्रैल माह में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा दिया है। मौसम की जानकारी देने वाली निजी एजेंसी स्काई मेट के अनुसार इसका मुख्य कारण केवल सामान्य मौसमी बदलाव न होकर वह उश्मा का बन जाने वाला छत्रीनुमा गोला है, जो आधे भारत के राज्यों में मंडरा रहा है। इस समय दिल्ली, उप्र, राजस्थान, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, महाराश्ट्र और तेलांगाना में गर्मी एकाएक बढ़ गई है। इस प्राकृतिक स्थिति को उश्मा का क्षत्रप (हीट डोम) या गुंबद कहा जा रहा है। यह क्षत्रप तब बनता है, जब वायुमंडल में उच्च दबाव की एक प्रणाली लंबे समय तक किसी एक क्षेत्र में ठहर जाती है। दरअसल यह एक बर्तन के ढक्कन की तरह गर्म हवा को नीचे धरती की तरफ दवाएं रखती है, जो तेज गर्मी का कारण बन जाती है। नतीजतन ऐसे क्षेत्रों में तापमान खतरनाक ढंग से बढ़ जाता है और कई दिनों या हफ्तों तक भीशण गर्मी या लू बनी रहती है। भारतीय मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान ने इस संकट को और बढ़ाने के संकेत दिए हैं। अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर हिस्सों में भीशण लू के रूप में गर्म हवाएं चलने की आशंका है। इस बार गर्मी का मिजाज इसलिए भी अलग है, क्योंकि कई तटीय इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में नमी वाली गर्मी यानी उमसक ा असर भी देखने में आ रहा है। इससे लू लगने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। आजकल आधे भारत में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' यानी गर्मी का गोला कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विषेश में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है।ध ूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है, तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है। अतएव इसे समय रहते ठंडा नहीं किया तो यह बिगडा अनुपात व्यक्ति को बौरा (पागल) भी सकता है। वैसे शरीर में प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करने का काम मस्तिश्क में 'हाइपोथैलेमस' अर्थात 'अधश्चेतक' क्षेत्र करता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य पियूश ग्रंथी के माध्यम से तंत्रिका तंत्र को अंत:स्रावी प्रक्रिया के माध्यम से तापमान को संतुलित बनाए रखना होता है। इसे चिकित्साशास्त्र की भाशा में हाइपर-पीरेक्सिया कहते हैं। यानी शरीर के तापमान में असमान वृद्धि या अधि कारण भी होता है। दोनों ही स्थितियां जानलेवा होती है। इस स्थिति के निर्माण हो जाने पर बुखार उतारने वाली साधारण गोलियां काम नहीं करती हैं। क्योंकि ये दवाएं दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस को ही अपने प्रभाव में लेकर तापमान को नियंत्रित करती हैं। जबकि लू में यह स्वयं शिथिल होने लग जाता है।हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण



कतम बुखार का बढ़ जाना। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग आसानी से आ जाते हैं।बाहरी तापमान जब शरीर के भीतरी तापमान को बढ़ा देता है, तो हाइपोथैलेमस तापमान को संतुलित बनाए रखने का काम नहीं कर पाता। नतीजतन शरीर के भीतर बढ़ गई अनावश्यक गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है, जो शरीर में लू का कारण बन जाती है। इस स्थिति में शरीर में कई जगह प्रोटीन जमने लगता है और शरीर के कई अंग एक साथ निश्क्रियता की स्थिति में आने लग जाते हैं। ऐसा शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाईड्रेशन के ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। जिस आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, परंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवत: आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे बह्मतत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे कि कुछ एकाधिकारवादी देश भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैश्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा। इस बढ़े तापमान का प्रभाव जिन-जिन क्षेत्रों में पड़ेगा, वहां खेत बंजर हो जाएंगे। पालतू मावेशी और वनजीव गर्मी से तड़प-तड़प कर प्राण छोड़ने लग जाएंगे, जो मानव समुदाय अभावग्रस्त हैं, उन पर गर्म हवाओं का यह दबाव कहर बनकर टूटेगा। यह जानलेवा भी साबित होगा। संयुक्त राश्ट्र द्वारा 2020 में किए गए एक अध्ययन से स्पश्ट हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया को 2030 तक बाढ़ों की कीमत प्रत्येक वर्श चुकानी पड़ेगी। इनसे करीब सालाना 15.6 लाख करोड़ की हानि उठानी पड़ सकती है। साफ है, वैश्विक तापमान के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी एकाएक बारिश, बाढ़, बर्फबारी, फिर सूखे का कहर यही संकेत दे रहे हैं। आंधी, तूफान और फिर यकायक ज्वालामुखियों के फटने की हैरतअंगेज घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि अदृश्य खतरे इर्द गिर्द ही कहीं मंडरा रहे हैं। समुद्र और अंटाकर्टिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी इस बदलाव के संकट से दो-चार हो रहे हैं। दरअसल वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में भी अवशोशित होकर गहरे समुद्र में बैठ जाती है। यह वर्षों तक जमा रहती है। पिछली दो शताब्दियों में 525 अरब टन कचरा महासागरों में विलय हुआ है। इसके इतर मानवजनित गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का 50 फीसदी भाग भी समुद्र की गहराइयों में समा गया है। इस अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड के जमा होने के कारण अंटार्कटिका के चारों ओर फैले दक्षिण महासागर में इस कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की क्षमता निरंतर कम हो रही है। इस स्थिति का निर्माण खतरनाक है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण महासागर में कार्बन डाइऑक्साइड से लबालब हो गया है। नतीजतन अब यह समुद्र इसे अवशोशित करने की बजाय वायुमंडल में ही उगलने लग गया है। अगर इसे जल्दी नियंत्रित नहीं किया गया तो वायुमंडल का तापमान तेजी से बढ़ेगा, जो न केवल मानव प्रजाति, बल्कि सभी प्रकार के जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए खतरनाक होगा।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# चौड़ी करण की जद में आ रहे प्राचीन काली मंदिर में स्थापित मूर्तियों को किया स्थानातरित

किच्छा। आनंदपुर मोड़ से किच्छा तक स्टेट हाईवे के चौड़ी करण की जद में आ रहे प्राचीन काली मंदिर में स्थापित मूर्तियों को प्रशासन द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए शंकर फार्म स्थित आनंद अखाड़े की भूमि पर स्थानांतरित कर दिया है। इस दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी हिंदूवादी संगठन एवं आनंद अखाड़े के साधुओं से संपर्क साधते हुए, सड़क चौड़ीकरण में आ रहे मंदिर को स्थानांतरित करने की सहमति बनाते हुए शंकर फार्म स्थित आनंद अखाड़े की रिक्त भूमि में काली माता की मूर्ति, शनिदेव की मूर्ति एवं शिवलिंग को स्थापित करने के लिए कार्यवाही करते हुए। बृहस्पतिवार की शाम को विद्वान ब्राह्मणों के सानिध्य में एवं आनंद अखाड़े के साधुओं के साथ मिलकर सर्वप्रथम मूर्ति स्थानांतरण हेतु विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा उसके उपरांत शुक्रवार की प्रातः सभी मूर्तियों को विधि विधान से चिन्हित स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा करते हुए पुनर्स्थापित कर दिया गया जिससे स्टेट हाईवे के चौड़ी करण का रास्ता साफ हो गया। उत्तराखंड सरकार द्वारा किच्छा नगला स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण की कार्यवाही प्रारंभ करने के बाद सड़क के दोनों और कई धार्मिक ढांचे सड़क की जद में आ रहे थे जिनमें से एक प्राचीन काली मंदिर भी सड़क की जद में आ रहा था जिसको विगत कई वर्षों से स्थानांतरित करने की कार्यवाही चल रही थी जिसमें आनंद अखाड़े द्वारा मंदिर में स्थित सभी मूर्तियों को स्थानांतरित किए जाने करने की प्रशासन से सहमति व्यक्त की गई थी जिसमें बृहस्पतिवार को स्थानीय प्रशासन में उप जिलाधिकारी गौरव पांडे तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी क्षेत्राधिकार भूपेंद्र सिंह धोनी कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू ने शांतिपूर्ण स्थिति में कार्यवाही करते हुए सभी मूर्तियों विधि विधान से स्थानांतरण करते हुए पुनः प्राण प्रतिष्ठित कर दिया गया। इस दौरान कुछ लोगों के द्वारा हल्का विरोधी किया गया जिनका प्रशासन द्वारा समझा दिया गया है।




# रुद्रपुर में मानव एकता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

रुद्रपुर। मानव एकता दिवस के पावन अवसर पर संत निरंकारी मिशन की स्थानीय शाखा द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संयोजक सुरेंद्र सिंह एवं ज्ञान प्रचारक सुरेंद्र चावला के साथ सेवादल के चरणजीत सिंह, दीदार सिंह, गीतांजलि और पूनम गुलियानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा तथा विधायक शिव अरोड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्य अतिथियों



ने रक्तदान कर रहे लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो जरूरतमंदों को जीवनदान देने का माध्यम बनता है। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। पूरे आयोजन में सेवा, समर्पण और एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।इस अवसर पर प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया कि रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहाना चाहिए।अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भागीदारी बनाए रखने का आह्वान किया।

# 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। ग्राम पच्चावाला निवासी एक व्यक्ति ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 21 अप्रैल की रात में करीब 10.50 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD YAMIN से बदलकर MOHD YAMIN SIDDIQUI रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। मौ.यामीन सिद्दिकी पुत्र फरजुद्दीन वार्ड 11.किच्छा उधमसिंहनगर।

# चम्पावत में पशुपालन योजनाओं से सशक्त हुए 31 लाभार्थी

चम्पावत। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में जनपद चम्पावत में संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" और जनता मिलन कार्यक्रम के प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार के निर्देशन में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार", "जनता मिलन कार्यक्रम" सहित विभिन्न जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से जनपद के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों तक प्रशासन स्वयं पहुँच रहा है। इन कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को मौके पर ही संज्ञान में लेकर संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जा रहा है।इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बकरी पालन योजना एवं ग्राम्य गौसेवक योजना के अंतर्गत कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से विभाग द्वारा त्वरित जांच एवं परीक्षण के उपरांत 31 पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया गया है।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित लाभार्थियों में ग्राम वलाना के दलीप सिंह, ग्राम डुंगरी के नरेंद्रपाल सिंह एवं ग्राम दुबड़जैनल के सुन्दर सिंह को बकरी पालन योजना (10+01) के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। वहीं ग्राम मौराड़ी की रेवती देवी एवं ग्राम बिन्डा तिवारी की माता देवी को महिला बकरी पालन योजना (04+01) से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम चामा के कुँवर सिंह को ग्राम्य गौ-सेवक



योजना से लाभान्वित किया गया है। इस प्रकार कुल 31 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विभाग द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। विभागीय स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचे।इन योजनाओं के प्रभाव से न केवल लाभार्थियों की आजीविका में सुधार हो रहा है, बल्कि स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रगति हो रही है। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## पेज एक का शेष...

**दून में कांग्रेस के खिलाफ......**इस दोहरे रवैये को समझ चुकी है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के मुद्दों को राजनीति का साधन बनाया है, लेकिन जब उन्हें अधिकार देने की बात आती है तो वह पीछे हट जाती है। वहीं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि कांग्रेस का रवैया देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार है और अब मातृशक्ति इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतर चुकी है। रैली के दौरान महिलाओं ने कांग्रेस के दोहरे चरित्र का खुलासा करने और उसके खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण का विरोध और बाहर समर्थन की बात करना कांग्रेस की राजनीतिक अवसरवादिता को दर्शाता है। अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा ने व्यापक रणनीति तैयार की है। इसके अंतर्गत पूरे उत्तराखंड में महिला जन आक्रोश पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं से संवाद किया जाएगा। महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और महिला छात्रावासों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर युवतियों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से दस दिनों तक सघन अभियान चलाया जाएगा, जिसमें महिलाओं की आवाज को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास होगा। इस अभियान में महिला जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। रैली के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा ने यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया है कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान के मुद्दे पर अब व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। देहरादून से शुरू हुआ यह महाआक्रोश अभियान आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है।

**धामी का एक्शन, प्रवेश द्वार.........**हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी में जिलाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया।जिसके तुरंत बाद विकासनगर परगना अधिकारी और एन एच के प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर उक्त बोर्ड्स को हटवा दिया।जानकारी के मुताबिक उक्त भूरे शाह की मजार वन क्षेत्र कालसी में अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई है।वन विभाग ने मजार पर नोटिस चस्पा किया था जिसके बाद मजार खादिम इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में गए हुए है।एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के बाद उक्त मजार बोर्डों राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण द्वारा हटवा दिया गया है ,वन विभाग को उक्त मजार को हटाने के लिए भी पत्राचार किया गया है।उल्लेखनीय है कि भूरे शाह नाम से एक दर्जन से अधिक फ्रेंचाइजी मजारे थी जोकि उत्तराखंड की सरकारी भूमि पर कब्जे कर बनाई गई थी इनमें से दस संरचनाओं को धामी सरकार पहले ही ध्वस्त कर चुकी है।

**क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं........** मृतक मूल रूप से धारचूला जिला पिथौरागढ़ कॉल निवासी है जो यहां सिसोना सितारगंज में आकर बस गए थे तथा आर्मी से सेवानिवृत्त होने के बाद अपने परिवार के साथ सिसोना में रह रहे थे। महेश कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने का अभी कारण अज्ञात है। मामले की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गए थे। पुलिस ने शव अपने कब्जे मेंलेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं रूद्रपुर व नगर व आसपास के क्षेत्रों में अलग अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाये। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया गदरपुर निवासी 29 वर्षीय किशन विश्वास पुत्र निर्मल विश्वास ने पत्नी से हुए विवाद के बाद घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं ग्राम रामेश्वरपुर निवासी 32 वर्षीय संजय बैरागी पुत्र सुशील बैरागी जो ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था।गुरूवार को वह बाईक से किच्छा एक्सरे करवाने गया था। शाम को लौटते समय मार्ग में उसे निजी बस चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं ग्राम मकरंदपुर गदरपुर निवासी 45 वर्षीय शंकर मंडल पुत्र हरेन मंडल चाय की ठेली लगाते थे। गुरूवार की सायं जब वह दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे थे तो महतोष मोड़ के पास पीछे से तेज गति से आती कार ने उसे टक्कर मार दी। कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल शंकर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इधर अमृतनगर निवासी 27 वर्षीय सूरज हीरा पुत्र सुभाष, शक्तिफार्म निवासी 45 वर्षीय मनोज विश्वकर्मा पुत्र गोपाल ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरिस पुत्र बाबू शाह, उम्र 20 वर्ष, निवासी सिरौली, किच्छा की भी अज्ञात कारणों के चलते मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आरिस का कुछ समय पूर्व ही निकाह हुआ था।समाजसेवी सुशील गाबा नें कहा कि महतोष क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनायें बढ़ रही है। रोजाना लोगो के गंभीर घायल होनें के साथ ही अक्सर वहां मौतों का एक सिलसिला सा चल रहा है। एनएचएआई को केवल टोल वसूलने से ही मतलब रह गया है। इन दुर्घटनाओ पर लगाम लगनी चाहिये। साथ ही सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार से मुआवजा मिलना चाहिये। इस दौरान जगदीश तनेजा, हैप्पी रंधावा, मन्नू चौधरी, बलराज ढाली, गौरव, मोनू निषाद, सचिन मुंजाल, नीतिश, मौ. नाहिद, दिलशाद अली, पंकज मंडल, विष्णु मंडल, सुखरंजन मंडल, मिथुन, शाहिद, हनीफ, ईकरार, महफूज आलम, मुनब्बर अली, तजाकत, सुशान्त, कार्तिक मंडल, रंजन समद्दार, डालचंद, दीपक, राकेश, माला गाईन, सुब्रत, जयन्ति, प्रदीप, काशीनाथ मंडल, रंजन, बंकिम मंडल, रजत, कमल ढाली आदि मौजूद थे।

**अतिक्रमण पर फिर चला..........**को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिससे मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने और यातायात को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। मौके पर मौजूद महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम पहले भी चेतावनी दे चुका है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा शहर के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़कों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि निगम द्वारा भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिला है कि प्रशासन अब शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की सख्ती देखने को मिल सकती है।

**डॉमिनोज पिज्जा की ..........**उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने तत्काल पुलिस से संपर्क कर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और बैंक खातों व कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी बड़ी कंपनी की फ्रेंचाइजी या नौकरी के नाम पर पैसे मांगने वाले कॉल्स से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार का भुगतान करने से पहले कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट और सत्यापित माध्यमों से जानकारी की पुष्टि अवश्य करें।

**बड़ा बयान, उत्तराखण्ड में धामी.....**साथही उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति पर भी बात करते हुए कहा कि वहां मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में सरकार प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है और आगामी चुनाव भी उनके नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा द्वारा दोनों राज्यों में नेतृत्व को लेकर स्पष्टता दिखाना एक सोची-समझी रणनीति है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा और मतदाताओं के बीच स्थिरता तथा भरोसे का संदेश जाएगा।कुल मिलाकर, भाजपा ने उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ही अपना प्रमुख चेहरा बनाकर चुनावी मैदान में उतरने का संकेत दे दिया है, जिससे प्रदेश की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर टिकी नजरें,सरगर्मियां तेज





गदरपुर। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर संगठन के भीतर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस पद की दौड़ में वर्तमान नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, विजय भुड्डी और पूर्व सभासद मोहम्मद आलम के नाम अंतिम सूची में प्रमुखता से चल रहे हैं। हालांकि राजनीतिक गलियारों में सबसे अधिक चर्चा मोहम्मद आलम के नाम को लेकर हो रही है, जिन्हें जमीनी कार्यकर्ता और संगठन के मजबूत चेहरे के रूप में देखा जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, जहां एक ओर वर्तमान नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी को तिलक राज बेहड़ का समर्थन प्राप्त है और नजदीकी रिश्तेदार माने जाते है वहीं विजय भुड्डी के पक्ष में यशपाल आर्य सिफारिश कर रहे हैं। यशपाल आर्य विजय भुड्डी के नजदीकी रिश्तेदार बताएं जा रहे हैं इसके चलते यह मुकाबला सिफारिश बनाम संगठनात्मक मेहनत के बीच दिलचस्प हो गया है।लेकिन यदि जमीनी स्तर की बात करें तो मोहम्मद आलम का नाम सबसे आगे दिखाई देता है। उन्होंने वर्षों तक कांग्रेस संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया है और आम कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। पार्टी के कई वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता भी यह मानते हैं कि संगठन को मजबूत करने के लिए ऐसे नेता की आवश्यकता है, जो सिर्फ सिफारिशों पर नहीं बल्कि अपने कार्य और जनसंपर्क के दम पर पहचान रखता हो।गदरपुर में कांग्रेस को बीते कुछ समय से संगठनात्मक मजबूती की आवश्यकता महसूस हो रही है। ऐसे में मोहम्मद आलम जैसे नेता, जो लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे हैं, पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि यदि पार्टी हाईकमान वास्तव में जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है, तो आलम सबसे उपयुक्त उम्मीदवार साबित होंगे।अब सबकी निगाहें कांग्रेस संगठन के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी नेतृत्व सिफारिशों के दबाव में निर्णय लेता है या फिर कार्यकर्ताओं की भावना और जमीनी मजबूती को प्राथमिकता देता है। यदि दूसरे विकल्प को चुना जाता है, तो मोहम्मद आलम का नाम सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभर सकता है।

## मोहम्मद आलम को मिल सकता है मौका!

गदरपुर। कांग्रेस में नगर अध्यक्ष पद को लेकर एक बार फिर परिवारवाद बनाम जमीनी नेतृत्व की बहस तेज हो गई है। चर्चाओं में यह बात सामने आ रही है कि सिद्धार्थ भुसरी को तिलक राज बेहड़ का करीबी रिश्तेदार माना जाता है, वहीं विजय भुड्डी भी यशपाल आर्य से निकट संबंध रखते हैं। ऐसे में उनकी दावेदारी सिफारिशों के चलते मजबूत बताई जा रही है। इसके विपरीत, मोहम्मद आलम का नाम एक ऐसे नेता के रूप में उभर रहा है, जिन्होंने वर्षों तक जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम किया है। स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच उनकी सक्रियता और पकड़ को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि कांग्रेस संगठन वास्तव में गदरपुर में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है, तो उसे परिवारवाद से ऊपर उठकर ऐसे नेता को मौका देना होगा, जो जनता से सीधे जुड़ा हो। लोगों को भरोसा है कि पार्टी हाईकमान जमीनी हकीकत को प्राथमिकता देगा और सही निर्णय लेकर संगठन को नई दिशा देने का काम करेगा, जिसमें मोहम्मद आलम एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने हैं।

# भीषण गर्मी और हीट वेव से निपटने को नगर निगम ने बनाया एक्शन प्लान

## महापौर ने दिए सख्त निर्देश,अलर्ट मोड पर रहेंगे नगर निगम के स्वास्थ्य केन्द्र

रुद्रपुर। ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी और संभावित 'हीट वेव' के खतरों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आपदा प्रबंधन और जन-राहत कार्यों की समीक्षा के लिए महापौर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें हीट वेव से बचाव के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति से लेकर बेसहारा पशुओं और सफाई कर्मियों तक के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश के कारण भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग की हीट वेव की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए निगम ने स्वास्थ्य, विद्युत और जल संस्थान के साथ समन्वय स्थापित किया है। शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की किल्लत न हो, इसके लिए जगह-जगह पानी के कैंपर रखे जाएंगे। विशेष रूप से मेडिसिटी के समीप श्रमिक वर्ग की सुविधा के लिए एक शेड का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शौचालय और शुद्ध पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था होगी। यात्रियों की सुविध ा के लिए शहर के सभी यात्री शेडों का कायाकल्प कर उन्हें ठहरने योग्य बनाया जाएगा।भीषण गर्मी में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को 'अलर्ट मोड' पर रखा गया है। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर ओआरएस, ग्लूकोज और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। ये सभी सुविधाएं आम जनता को निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही, नगर निगम एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को दोपहर की कड़ी धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी जाएगी। सड़कों पर काम करने वाले ई-रिक्शा चालकों और अन्य जरूरतमंदों को नगर निगम की ओर से पानी की बोतलें और सिर ढकने के लिए गमछे वितरित किए जाएंगे।शहर में पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए नगर निगम नए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है। साथ ही, बेसहारा पशुओं को प्यास से राहत देने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 'वाटर टब' रखे जाएंगे। फील्ड में तैनात सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उनके कार्य समय (शिफ्ट) में भी परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है ताकि वे दोपहर की झुलसाने वाली धूप से बच सकें। विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि पेयजल पंप और आम जनता को परेशानी न हो।शहर के पर्यावरण को सुधारने और भविष्य में तापमान कम करने के लिए नगर निगम ने 'क्लीन और ग्रीन' अभियान को गति देने का फैसला किया है। निगम अब अपनी स्वयं की नर्सरी विकसित करेगा, जिसमें स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पौधे तैयार किए जाएंगे। इन पौधों को शहर के सभी वार्डों में रोपित किया जाएगा, जिससे न केवल शहर हरा-भरा होगा बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार भी मिलेगा।महापौर ने नगर निगम की सेवाओं के विस्तार की भी घोषणा की। अब शहरवासियों को राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन और पानी के कनेक्शन जैसे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम परिसर में प्रत्येक सोमवार को इन सेवाओं के लिए विशेष डेस्क उपलब्ध रहेगी। महापौर ने दोहराया कि नगर निगम जनता की सेवा के लिए समर्पित है और जनहित में त्वरित फैसले लेने से पीछे नहीं हटेगा। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे सहित जल संस्थान, विद्युत विभाग और जल निगम के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें अपनी-अपनी कार्ययोजना पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए हैं।








# चारधाम यात्रा को लेकर भ्रामक व तथ्यहीन सूचना प्रसारित करने वालों पर एफआईआर

देहरादून। चारधाम यात्रा के संबंध में भ्रामक एवं तथ्यहीन वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में उत्तराखंड पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। इस क्रम में थाना सोनप्रयाग में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उत्तराखंड पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रही है तथा श्रद्धालु व्यवस्थित ढंग से दर्शन कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही भ्रामक एवं अप्रमाणित सूचनाएं न केवल जनमानस में भ्रम उत्पन्न करती हैं, बल्कि यात्रा व्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर सकती हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, 4-5 अन्य संदिग्ध वीडियो की भी पुलिस टीम द्वारा गहन जांच की जा रही है। जांच के उपरांत दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उत्तराखंड पुलिस द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24◦7 निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का समय रहते संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अप्रमाणित अथवा भ्रामक जानकारी को साझा करने से बचें तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नशे में बुलेट चलाते पकड़े गये पार्षद शिव गंगवार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार की रात्रि तीन पानी डाम क्षेत्र में ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चैकिंग के दौरान ट्रांजिट कैम्प वार्ड आठ विवेकनगर के पार्षद शिव कुमार गंगवार को नशे की हालत में बुलेट चलाते पकड़ लिया गया। इस दौरान पार्षद ने पुलिसकर्मियों से तीखी बहस भी की। जिसके बाद पुलिस ने पार्षद शिव कुमार गंगवार को गिरफ्तार कर उसकी बाईक को सीज कर दिया और उनका जिला चिकित्सालय में मेडिकल करवाया। बताया जाता है कि कोतवाली पुलिस द्वारा गुरूवार की रात्रि तीन पानी डाम में वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें कई वाहनों के चालान किये गये थे। इसी दौरान बुलेट संख्या यूके 06 बीएन पर सवार बिना हेलमेट लगाये वार्ड 8 विवेकनगर के पार्षद शिव कुमार गंगवार जिन्हें भाजपा द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व महिला अभद्रता के मामले में 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्काषित किया जा चुका है पहुंचे। जिस पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें रोक कर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट न पहनने पर चालान की कार्रवाई शुरू की तो पार्षद शिव गंगवार पुलिसकर्मियों से बहस कर रोब जमाने लगे। काफी समझाने पर भी जब पार्षद शिव गंगवार शांत नहीं हुए तो पुलिस ने उनकी बाईक को सीज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया और पकड़कर कोतवाली ले आये। पुलिस ने उनका जिला चिकित्सालय में मेडिकल करवाकर उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

# सिक्योरिट गार्ड की मौत के मामले में बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर। सिक्योरिट गार्ड को मौत के घाट उतारने के मालमे में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। बगलाहा थाना नेबुआ नौरगिया जिला कुशीनगर व हाल बनवसा कालौनी शुगर मिल निवासी आदर्श कुमार दुवे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता सत्या चरण दुवे अलीगंज रोड स्थित एक स्कूल में सिक्योरटी गार्ड थे। 11 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे जब उसके पिता स्कूल में डयूटी करने जा रहे थे कि स्कूल से पहले पीछे से आ रही मोटर साईकिल सं. यूपी21सीक्यू-2716 के चालक ने उन्हें पीछे पिछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद तथा उसके बाद दिल्ली के सफदर जंग अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।